दिन–रविवार दिनांक– 29/06/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक, देश सभी क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ रहा है। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि आज देश की जनता किसी न किसी प्रकार की सामाजिक सुरक्षा का लाभ ले रही है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट का उल्लेख किया जिसमें कहा गया है कि देश की चौंसठ प्रतिशत से ज्यादा आबादी को कोई न कोई सामाजिक सुरक्षा मिल रही है। प्रधानमंत्री ने विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट का भी उल्लेख किया जिसमें भारत को आंखों की बीमारी ट्रैकोमा से मुक्त घोषित किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह उन लाखों स्वास्थ्य कर्मियों के अथक प्रयासों का फल है जिन्होंने इस बीमारी से लड़ाई लड़ी।

आपातकाल का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जन–भागीदारी से बड़े से बड़े संकटों का मुकाबला किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आपातकाल लगाने वालों ने न सिर्फ संविधान की हत्या की, बल्कि उनका इरादा न्यायपालिका को भी गुलाम बनाने का था। श्री मोदी ने कहा कि इस दौरान कई लोगों को कठोर यातनाएं दी गई, छात्रों को परेशान किया गया और अभिव्यक्ति की आजादी का गला घोटा गया। उन्होंने कहा कि कुछ ही दिन पूर्व आपातकाल थोपे जाने के पचास वर्ष पूरे हुए और देशवासियों ने इसे संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया। श्री मोदी ने कहा कि इस महीने की इक्कीस तारीख को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में दुनियाभर के करोड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोग अपने दैनिक जीवन में योग को अपना रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष के योग दिवस का विषय– एक पृथ्वी–एक स्वास्थ्य भी बहुत खास था। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक नारा नहीं है, बल्कि एक दिशा है, जो हमें वसुधैव कुटुंबकम् का एहसास कराती है।

श्री मोदी ने कैलाश मानसरोवर यात्रा, अमरनाथ यात्रा और जगन्नाथ रथा यात्रा की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक– ये यात्राएं एक भारत श्रेष्ठ भारत के भाव का प्रतिबिम्ब हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं के

नेतृत्व में विकास का मंत्र भारत का नया भविष्य गढ़ने के लिए तैयार है। देश की महिलाएं न सिर्फ अपने को, बल्कि पूरे समाज को नई दिशा दे रही हैं। श्री मोदी ने कहा कि पिछले महीने भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष भारत से वियतनाम ले जाए गए और उन्हें नौ स्थानों पर जनता के दर्शन के लिए रखा गया था। प्रधानमंत्री ने गुजरात के अहमदाबाद शहर में नगर निगम के लाखों पेड़ लगाने के अभियान की चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस अभियान की एक खास बात है – सिंदूर वन। यह वन ऑपरेशन सिंदूर के वीरों को समर्पित है। श्री मोदी ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत देश में करोड़ों पेड़ लगाए जा चुके हैं।

——————————————————————

पटना जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लगभग पांच हजार बूथ लेवल अधिकारियों–बीएलओ को लगाया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉ. एस. त्याग राजन ने मतदाताओं से सही तरीके से गणना फार्म भरने की अपील की है। यह अभियान पच्चीस जुलाई तक चलेगा।

——————————————————————

पटना के गांधी मैदान में आज वक्फ बचाओ, संविधान बचाओ सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसका आयोजन इमारत–ए–शरिया, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड समेत कई अन्य संगठनों ने किया है। राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

——————————————————————

आज सांख्यिकी दिवस है। यह दिवस हर साल प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जो सांख्यिकी और आर्थिक नियोजन के क्षेत्र में अग्रणी थे। इस वर्ष सांख्यिकी दिवस का विषय है– राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के पचहत्तर वर्ष। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की पटना स्थित क्षेत्रीय इकाई में समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय पटना के उप महानिदेशक रोशन लाल साहू ने कहा कि एनएसएसओ और सीएसओ द्वारा संग्रह किये आंकड़े नीति निर्धारण में काफी महत्वपूर्ण हैं।

——————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।